ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 12 ]
Total No. of Printed Pages : 12 ]
ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 38 ]
Total No. of Questions : 38 ]

**A**

**CCE RF**
**CCE RR**

Question Paper Serial No. **101**

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 61-H**

**Code No. : 61-H**

# ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

# Subject : Third Language — HINDI

**( ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ & ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Fresh & Regular Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : 08. 04. 2022 ] [ Date : 08. 04. 2022

ಸಮಯ : ಬೆಳಗ್ಗೆ 10-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ–1-30 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 10-30 A.M. to 1-30 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ] [ Max. Marks : 80

TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER
प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें
यहाँ से काटिए
Tear here

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 38 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए :** **8 × 1 = 8**

1. 'शिक्षित' शब्द का विलोम रूप है –

   (A) शिक्षा (B) अशिक्षित

   (C) दीक्षा (D) शिक्षण ।

2. 'बेटा' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है –

   (A) बेटी (B) पोती

   (C) सुत (D) पुत्र ।

3. निम्नलिखित में से बहुवचन शब्द है –

   (A) डिब्बा (B) दायरा

   (C) कमरा (D) किताबें ।

4. 'चलना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –

   (A) चल (B) चलनशील

   (C) चलाना (D) चिल्लाना ।

5. 'पर्वतावली' शब्द में संधि है –

(A) दीर्घ
(B) गुण
(C) वृद्धि
(D) यण् ।

6. निम्नलिखित में से तत्पुरुष समास का उदाहरण है –

(A) माता-पिता
(B) चौमास
(C) भरपेट
(D) राजवंश ।

7. बड़ा अच्छा सवाल है !

वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –

(A) पूर्ण विराम
(B) विस्मयादिबोधक
(C) प्रश्नवाचक
(D) अल्प विराम ।

8. अब्दुल कलाम का जन्म रामेश्वरम ..................... हुआ ।

रिक्त स्थान में सही कारक चिह्न होगा –

(A) के
(B) से
(C) का
(D) में ।

**II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए :** **4 × 1 = 4**

9. गिल्लू की प्रिय लता : सोनजुही : : गिल्लू का प्रिय खाद्य : .......................

10. बसंत : अहीर टीला : : पंडित राजकिशोर : .......................

11. भोला-भाला : बालकृष्ण : : चुगलखोर : .......................

12. कावेरी : नदी : : जोग : .....................

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** **4 × 1 = 4**

13. लेखक प्रेमचंदजी को दुकान में क्या नज़र आया ?

14. गिलहरी गर्मी के दिनों में कहाँ लेट जाती थी ?

15. बहाने बनाने का प्रमुख कारण क्या है ?

16. भारत के खेत कैसे हैं ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** **8 × 2 = 16**

17. ई-गवर्नेन्स क्या है ?

18. दुकानदार ने लेखक से क्या कहा ?

19. बसंत राजकिशोर से दो पैसे लेने से क्यों इनकार करता है ?

20. बचेंद्री पाल का बचपन कैसे बीता ?

21. मनुष्य के लिए सुख की प्राप्ति कब संभव है ?

22. यशोदा कृष्ण के क्रोध को कैसे शांत करती है ?

23. शनि सौर-मंडल का सर्वाधिक सुंदर ग्रह है । कैसे ?

**अथवा**

शनि एक अत्यंत ठंडा ग्रह है । कैसे ?

24. शास्त्र में सत्य बोलने का तरीका कैसे समझाया गया है ?

**अथवा**

सत्य के स्वरूप के बारे में लेखक के विचार स्पष्ट कीजिए ।

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :** **9 × 3 = 27**

25. गिल्लू के कार्य-कलाप के बारे में लिखिए ।

26. नमाज़ के बारे में जैनुलाबदीन के विचार स्पष्ट कीजिए ।

27. 'सोशल नेटवर्किंग' एक क्रांतिकारी खोज है । कैसे ? बताइए ।

28. लेखक के धूप का चश्मा खो जाने की घटना का वर्णन कीजिए ।

29. बचेंद्री ने पहाड़ पर चढ़ने की तैयारी कैसे की ? बताइए ।

30. मातृभूमि के प्रकृति सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।

31. 'प्रकृति पर सर्वत्र है विजयी पुरुष आसीन' इस पंक्ति का आशय बताइए ।

32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान ।

तुलसी दया न छाँड़िये, जब लग घट में प्राण ।।

33. गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :

कर्नाटक का प्राकृतिक सौंदर्य नयन मनोहर है । पश्चिम में विशाल अरबी समुद्र है । दक्षिण में नीलगिरि की पर्वतावलियाँ हैं ।

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए : $2 \times 4 = 8$**

34. कन्नड़ भाषा तथा संस्कृति को कर्नाटक के साहित्यकारों की क्या देन है ? स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

कर्नाटक की शिल्पकला और वास्तुकला का वर्णन कीजिए ।

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :

असफलता ..............................................

..............................................................

..............................................................

.............................................. भागो तुम ।

**VII.** 36. **गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4 × 1 = 4**

भारत को अपनी जिस परंपरा पर गर्व है उसमें, सब से प्राचीन भाषाओं में एक, तमिल का बहुत बड़ा योगदान है । कोई दो हज़ार वर्ष पूर्व तमिलनाडु के किसी नगर में एक जुलाहा रहता था । उसका स्वभाव बड़ा शांत और निश्चल था । वह किसी भी कारण से कभी क्रोधित नहीं होता था । लोग उसके पास कोई समस्या लेकर जाते तो अपने आचरण से उसका समाधान कर देता था । उसके इस शांत स्वभाव के कारण लोग उसे 'संत जुलाहा' कहा करते थे ।

अ) जुलाहे का स्वभाव कैसा था ?

आ) जुलाहे के पास लोग क्यों जाते थे ?

इ) उसे 'संत जुलाहा' क्यों कहा जाता था ?

ई) जुलाहा कहाँ रहता था ?

**VIII.** 37. **दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12 - 15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :** **1 × 4 = 4**

क) **वन महोत्सव**

* प्रस्तावना
* वृक्षों का महत्व और उपयोग
* वनों के नाश व कारण
* वृक्षों की रक्षा के उपाय
* उपसंहार ।

ख) **स्वच्छ भारत अभियान**

* ✳ प्रस्तावना
* ✳ स्वच्छता का महत्व
* ✳ स्वच्छ परिसर और मानव
* ✳ स्वच्छता के उपाय
* ✳ उपसंहार ।

ग) **इंटरनेट का योगदान**

* ✳ प्रस्तावना
* ✳ इंटरनेट का अर्थ
* ✳ इंटरनेट के उपयोग
* ✳ इंटरनेट का योगदान
* ✳ उपसंहार ।

**IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** **1 × 5 = 5**

38. परीक्षा तैयारी के बारे में अपनी माताजी को पत्र लिखिए ।

**अथवा**

कोई सकारण देते हुए अपने मुख्य अध्यापक के नाम छुट्टी पत्र लिखिए ।